उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

निकट–महाराणा प्रताप स्पोटर्स कालेज, थानों रोड़, रायपुर, देहरादून।

वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in mail: chayanayog@gmail.com

फोन न० 0135–2669658 फैक्स न0 0135–2672902

पत्रांकः–परीक्षा/ 217 /2021–22 दिनांकः 10 सितम्बर, 2021

विज्ञप्ति/अधिसूचना

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के द्वारा पद वन आरक्षी (पदकोड–102) पदों पर सीधी भर्ती हेतु जारी विज्ञप्ति के क्रम में **दिनांक 16 फरवरी, 2020 को वन आरक्षी (पदकोड–102)** की लिखित प्रतियोगी परीक्षा आयोजित की गई । आयोग के द्वारा उक्त विज्ञप्ति के क्रम में जनपद हरिद्वार के 07 परीक्षा केन्द्रों की पुनः **पद नाम–वन आरक्षी (पदकोड–102)** पदों पर **जनपद देहरादून के 07 परीक्षा केन्द्रों** में **दिनांक 14 फरवरी, 2021 को** लिखित प्रतियोगी परीक्षा आयोजित की गई। उक्त लिखित परीक्षा के आधार पर **पद नाम–वन आरक्षी (पदकोड–102)** की शारीरिक नाप–जोख दक्षता परीक्षा **जनपद देहरादून में दिनांक 27–07–2021 से 29–07–2021 तक एवं हल्द्वानी में दिनांक 03–08–2021 से दिनांक 04–08–2021 तक** आयोजित की गई। लिखित परीक्षा एवं शारीरिक नाप–जोख दक्षता परीक्षा के आधार पर आयोग की विज्ञप्ति/अधिसूचना संख्या–197 दिनांक 06 सितम्बर, 2021 के द्वारा **पद नाम–वन आरक्षी (पदकोड–102)** के अभिलेख सत्यापन हेतु औपबन्धिक श्रेष्ठता सूची आयोग की वैबसाइट पर प्रकाशित की गई है।

सूच्य है कि उक्त लिखित एवं शारीरिक नाप–जोख दक्षता परीक्षा के आधार पर आयोग के द्वारा **उक्त पद कोड–102 के** अभिलेख सत्यापन हेतु **जारी औपबन्धिक श्रेष्ठता** सूची के अनुसार चयनित/सम्मिलित अभ्यर्थियों का **निम्न तालिका में अंकित निर्धारित तिथियों में** अभिलेख सत्यापन **ट्रांजिट हॉस्टल, चन्द्रबनी, वाइल्ड लाईफ इन्स्टिट्यूट ऑफ इण्डिया रोड़, नियर वन निगम डिपो, देहरादून, 248002** कार्यालय में किया जायेगा।

क्र0सं0	पद नाम	पद कोड	अभिलेख सत्यापन हेतु निर्धारित तिथि		
			Verification Rank		सत्यापन तिथि
1	वन आरक्षी	102	1	100	**28-09-2021**
2			101	200	**29-09-2021**
3			201	300	**30-09-2021**
4			301	400	**01-10-2020**
5			401	500	**03-10-2021**
6			501	600	**04-10-2021**
7			601	700	**05-10-2021**
8			701	800	**06-10-2021**
9			801	900	**07-10-2021**
10			901	1000	**08-10-2021**
11			1001	1100	**09-10-2021**
12			1101	1165	**11-10-2021**

अतः समस्त चयनित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि श्रेष्ठता सूची में सम्मिलित अभ्यर्थी अपने समस्त वांछित मूल अभिलेखों सहित, जो अभ्यर्थी के द्वारा सम्बन्धित पद हेतु जारी विज्ञप्ति के अनुरूप निर्धारित शैक्षिक योग्यता/व्यावसायिक व अन्य प्रमाण पत्र, आवेदन पत्र में अंकित किए गये, की स्वप्रमाणित दो–दो प्रतियाँ (अलग–अलग) व 06 पास पोर्ट आकार की फोटोग्राफ के साथ **उक्त निर्धारित तिथियों** को **प्रातः 09:30 बजे ट्रांजिट हॉस्टल, चन्द्रबनी, वाइल्ड लाईफ इन्स्टिट्यूट ऑफ इण्डिया रोड़ नियर वन निगम डिपो, देहरादून, 248002** कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

ध्यान दें कि आयोग की वेबसाइट पर **संवाद संख्या–79 के साथ अभिलेख सत्यापन हेतु निर्धारित प्रारूप** संलग्न है। कृपया उक्त प्रारूप को डाउनलोड कर उसके अनुरूप समस्त संलग्नकों का विवरण तैयार कर निर्धारित तिथि को यथा समय आयोग कार्यालय में उपस्थित होंगे। साथ ही अभ्यर्थी को राज्य सरकार द्वारा राज्य में कोविड–19 के संक्रमण के रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु जारी दिशा–निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। अभिलेख सत्यापन की तिथि को आयोग कार्यालय में **सभी अभ्यर्थी मास्क पहनकर व सोशल डिस्टेसिंग का पालन करेंगे।**

सचिव
उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
देहरादून।